ऋद्धि सिद्धि वाले गणपति बाबा | By P R Swami |

ऋद्धि सिद्धि वाले गणपति बाबा
तेरी महिमा भारी है
जो तेरे दरबार में आए
उसकी विपदा टारी है

पूजा में मनुहार कर
मोदक खिलाऊँ
धृत सिंदूर तेरे
बदन लगाऊँ
प्रेम से उतारूँ तेरी
आरती जो प्यारी है
जो तेरे दरबार में आए
उसकी विपदा टारी है

देवों में हो देव
सारे जग से निराले हो
गाए जिसकी वंदना
वो लाभ शुभ वाले हैं
अपनालो या ठुकरादो
ये मर्ज़ी तुम्हारी है
जो तेरे दरबार में आए
उसकी विपदा टारी है

ये मत सोचो गणपति बाबा
ऐसे चला जाऊँगा
तेरे दर पे आ गया हूँ
लेकर ही कुछ जाऊँगा
दर्शन दो मेरी ज़िंदगी की
अंतिम साँस तुम्हारी है
जो तेरे दरबार में आए
उसकी विपदा टारी है

मैं दुखियारा जनम-जनम का
जीवन में अँधियारा है
जीवन नैया तेरे आसरे
मेरा कौन सहारा है
तार दो या डुबो दो
ये अर्ज़ी हमारी है
जो तेरे दरबार में आए
उसकी विपदा टारी है

नियम पूर्वक गणपति बाबा
के आए अरदास करे
कृपा तुम्हारी सदा रहेगी
ऐसा वो विश्वास करे
इस जीवन की डोर स्वामी
हाथ में तुम्हारे है

जो तेरे दरबार में आए
उसकी विपदा टारी है

ऋद्धि सिद्धि वाले गणपति बाबा
तेरी महिमा भारी है
जो तेरे दरबार में आए
उसकी विपदा टारी है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%8b%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%bf-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%bf-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%ac/